# बायोमास बिजली

## प्रिलिम्स के लिये:

नवीकरणीय ऊर्जा, बायोमास विद्युत, पायरोलिसिस, गैसीकरण।

## मेन्स के लिये:

नवीकरणीय ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा हेतु सरकार की पहल।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारत (कुरुक्षेत्र, हरियाणा) में एक नई बायोमास-आधारित बॉयलर तकनीक** शुरू की गई जो हरित होने का दावा करती है और सभी प्रकार के कृषि अवशेषों को ईंधन के रूप में समायोजित कर सकती है, साथ ही साथ पराली जलाने के बोझ को कम करने में मदद कर सकती है।

- जैसे-जैसे देश कार्बन मुक्त बिजली उत्पादन की ओर बढ़ रहा है, नियामक और नीति निर्माता बायोमास आधारित बिजली पर ध्यान दे रहे हैं।
- देश में बिजली की मांग का लगभग 2.6% बायोमास द्वारा पूरा किया जाता है।

## प्रमुख बिंदु

- **बायोमास-आधारित बॉयलर की विशेषताएँ:**
  - नए बॉयलर की क्षमता **75 टन प्रति घंटा है और इससे 15 मेगावाट बिजली** पैदा होती है।
  - **डेनमार्क की यह नई तकनीक** संयंत्र को कम ईंधन तैयार करने और संभालने के साथ विभिन्न प्रकार के ईंधन जलाने में सक्षम बनाती है।
  - वाइब्रेटिंग ग्रेट के कारण यह दहन तकनीक लाभप्रद है।
  - स्टीम बॉयलर ग्रेट भट्ठी में ठोस ईंधन का प्रयोग करती है।
    - वाइब्रेटिंग ग्रेट **हर घनत्व के बायोमास को समायोजित करता है।**
    - हालाँकि ईंधन में नमी की मात्रा 15-20% होनी चाहिये।
  - चूँकि वाइब्रेटिंग ग्रेट किसी भी आकार के कृषि अवशेषों को जलाने में सहयोग करता है, अतः यह ऊर्जा उत्पादन के लिये बायोमास के प्रसंस्करण हेतु खपत ऊर्जा की बचत करता है।
- **पारंपरिक बॉयलरों से अधिक लाभदायक:**
  - मौजूदा पारंपरिक बॉयलर केवल **विशिष्ट प्रकार के कृषि अवशेषों** जैसे धान की भूसी, धान की पुआल, सरसों आदि के लिये डिज़ाइन किये गए हैं और ऊर्जा उत्पादन में बायोमास के योगदान को प्रतिबंधित करते हैं।
  - जबकि वाइब्रेटिंग ग्रेट बायलर तकनीक किसी भी प्रकार के बायोमास को फायर करने का एक समाधान हो सकता है।

## बायोमास:

- **परिचय**
  - बायोमास नवीकरणीय कार्बनिक सामग्री है जो पौधों और जानवरों से प्राप्त होती है।
- **उपयोग**
  - बायोमास का उपयोग 'फैसिलिटी हीटिंग', विद्युत ऊर्जा उत्पादन, संयुक्त ताप और बिजली के लिये किया जाता है।
- **बिजली में परिवर्तित करने के तरीके**: बायोमास को कई तरीकों से विद्युत शक्ति में परिवर्तित किया जा सकता है।
  - **बायोमास सामग्री का दहन:**
    - सबसे आम बायोमास सामग्री जैसे कृषि अपशिष्ट या काष्ठ सामग्री का प्रत्यक्ष दहन है।
  - **गैसीकरण:**
    - गैसीकरण पूर्ण दहन के लिये आवश्यकता से कम ऑक्सीजन के साथ बायोमास को गरम करके प्रयोग योग्य ऊर्जा सामग्री के

साथ संश्लेषति गैस का उत्पादन करता है।

- **पायरोलसिसि:**
    - पायरोलसिसि ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में बायोमास को तेज़ी से गर्म करके जैव-तेल उत्पन्न करता है।
- **अवायवीय पाचन:**
    - अवायवीय पाचन एक नवीकरणीय प्राकृतकि गैस का उत्पादन करता है जब ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में बैक्टीरयि द्वारा कार्बनकि पदार्थ को वघिटति कयि जाता है।
        - बहुत गीला कचरा जैसे- पशु और मानव अपशष्टि, एक अवायवीय डाइज़ेस्टर में एक मध्यम-ऊर्जा सामग्री गैस में परविर्तति हो जाते हैं।

- **लाभ:**
    - कई अन्य नवीकरणीय ऊर्जा वकिल्पों की तुलना में, बायोमास में डसि्पैचबलिटिी का लाभ होता है, जसिका अर्थ है कि यह नयिंत्रणीय है और ज़रूरत पड़ने पर उपलब्ध है।
- **हानि:**
    - ईंधन की खरीद, वतिरण, संग्रहीत और भुगतान करने की आवश्यकता है.
    - इसके अलावा बायोमास दहन प्रदूषक पैदा करता है, जसि नयिमों के अनुसार सावधानीपूर्वक नगिरानी और नयिंत्रति कयि जाने की आवश्यकता है ।
- **सरकार की पहल:**
    - ग्रडि बजिली उत्पादन के लयि देश के बायोमास संसाधनों के इष्टतम उपयोग हेतु प्रौद्योगकियिों को बढ़ावा देने के मुख्य उद्देश्य के साथ बायोमास बजिली और सह उत्पादन कार्यक्रम लागू कयि गया है।
    - केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने बायोमास जैसे खोई, कृषि आधारति औद्योगकि अवशेष, फसल अवशेष, ऊर्जा संयंत्रीकरण के माध्यम से उत्पादति लकड़ी, खरपतवार के साथ-साथ बजिली उत्पादन के लयि औद्योगकि कार्यों में उत्पादति लकड़ी के कचरे का उपयोग करने वाली परयिोजनाओं हेतु केंद्रीय वत्तिीय सहायता की घोषणा की।
        - इस कदम का उद्देश्य ऊर्जा उत्पादन के लयि एक नयिंत्रति वातावरण में बायोमास दहन को बढ़ाना था।

## वगित वर्ष के प्रश्न(PYQs):

**प्रश्न. चीनी उद्योग के उप-उत्पादों की उपयोगतिा के संदर्भ में नम्निलखिति में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं? (2013)**

1. खोई का उपयोग ऊर्जा उत्पादन के लयि बायोमास ईंधन के रूप में कयि जा सकता है।
2. कृत्रमि रासायनकि उर्वरकों के उत्पादन के लयि शीरा का उपयोग फीडस्टॉक्स में से एक के रूप में कयि जा सकता है।
3. शीरे का उपयोग एथेनॉल उत्पादन के लयि कयि जा सकता है।

**नीचे दयि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनयि:**

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- चीनी उद्योग के चार मुख्य उप-उत्पाद गन्ना टॉप, खोई, फल्टिर मड और शीरा हैं।
- गन्ने की खोई जैव-आधारति अर्थव्यवस्था की स्थापना के लयि बायोमास का एक अत्यधकि आशाजनक स्रोत है। खोई का उपयोग बजिली, इथेनॉल, पेपर बोर्ड और वैनलिनि जैसे रसायनों के उत्पादन के लयि कयि जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गुड़, परष्किृत चीनी का उप-उत्पाद है। इसका उपयोग अल्कोहल उत्पादन के लयि कयि जाता है।इसके पोषक तत्त्व, भूख बढ़ाने और भौतकि गुणों के कारण पशुओं के चारे में इसकी महत्त्वपूर्ण उपयोगतिा है। इसका उपयोग अन्य उत्पादों के बीच इथेनॉल, स्प्रटि और अल्कोहल के उत्पादन के लयि भी कयि जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- गुड़ का उपयोग जैवकि उत्पादन के लयि फीडस्टॉक्स में से एक के रूप में कयि जाता है, लेकनि रासायनकि उर्वरकों के लयि नहीं।**अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**अतः वकिल्प C सही है।**

## स्रोत: डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/biomass-electricity